# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की अठारहवीं बैठक दिनांक 02.05.2019 का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थेः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० नरेन्द्र एस० चौधरी, कुलपति। | –अध्यक्ष |
| 2. | **निदेशक,** टी०एच०डी०सी०–आई०एच०ई०टी०, टिहरी। | –सदस्य |
| 3. | **निदेशक,** एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी। | –सदस्य |
| 4. | **निदेशक,** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड सांइसेज, भीमताल। | –सदस्य |
| 5. | **निदेशक,** जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल। | –सदस्य |
| 6. | **निदेशक,** तुलाज इंस्टीट्यूट, देहरादून। | –सदस्य |
| 7. | डॉ० अनिता चौहान, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर, देहरादून। | –सदस्य |
| 8. | डॉ० अनिता रावत, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | – सदस्य |
| 9. | डॉ० अलकनन्दा अशोक, परीक्षा नियंत्रक उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | –सदस्य–सचिव |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा० कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

<u>एजेण्डा बिन्दु–18(1)</u>

परीक्षा समिति की सत्रहवीं बैठक दिनांक 31.10.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। **(प/क पर संलग्न)**

विनिश्चयः– समिति की अठारहवीं बैठक में सत्रहवीं बैठक दिनांक 31.10.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

<u>एजेण्डा बिन्दु –18(2)</u>

विश्वविद्यालय द्वारा मई 2019 में प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की **समय–सारणी** 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक या उनके द्वारा नामित सदस्य को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

<u>एजेण्डा बिन्दु –18(3)</u>

विश्वविद्यालय की मई 2019 में प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को **परीक्षा केन्द्र** बनाये जाने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं निर्णय लिया गया कि जिन संस्थानों में कम छात्र अध्ययनरत् हैं उन्हें उनके समीप के संस्थानों, जहां पर कि छात्रों की संख्या अधिक हो, में परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा तथा यह कार्य कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

<u>एजेण्डा बिन्दु –18(4)</u>

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की **प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों** की नियुक्ति परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि किसी भी परीक्षक की प्रायोगिक परीक्षा हेतु 08 स्थानों से अधिक पर नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा यह कार्य कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –18(5)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उड़नदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा। उड़नदस्ते के संयोजक/सदस्यों को क्षेत्रों के अनुसार नियुक्त करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करते हुए समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।डॉ0 जी0एस0तोमर जी की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की सेवा लेना उचित होगा।

एजेण्डा बिन्दु –18(6)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु **कुमांयू एवं गढ़वाल क्षेत्र** में प्रश्नपत्र/उत्तरपुस्तिकाएं रखने के लिए **नोडल** केन्द्र बनाये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त **आम्रपाली इंस्टीट्यूट हल्द्वानी, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की, दून इंस्टीट्यूट ऋषिकेश** एवं **विश्वविद्यालय मुख्यालय** को नोडल केन्द्र बनाये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –18(7)

मई 2019 में प्रस्तावित सम सेमेस्टर की **मुख्य** एवं **सम सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र** बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति का है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाना उचित होगा।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक की देख–रेख में प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्रों के निर्माण/प्रिंटिंग/मॉडरेशन, इत्यादि कराये जाने पर सर्वसम्मति से समिति के सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –18(8)

मई 2019 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने तथा उत्तरपुस्तिकाओं का **विश्वविद्यालय परिसर** में ही अथवा **अन्य केन्द्रों** पर भी केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने तथा मूल्यांकन कार्य हेतु अनुभवी अध्यापक नियुक्त किये जाने हेतु हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– परीक्षा समिति द्वारा चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर, जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी एवं बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड सांइसेज, भीमताल में मूल्यांकन कराये जाने की अनुमति प्रदान की। समिति द्वारा चर्चा उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा कुछ अग्रिम धनराशि मूल्यांकन कार्य हेतु मूल्यांकन केन्द्रों को जानी चाहिए।

एजेण्डा बिन्दु –18(09)

मई 2019 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने हैं, अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –18(10)

मई 2019 की सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ ही तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की **सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं** भी आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –18(11)

मई 2019 में आयोजित होने वाली **यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा** ऑनलाइन व ऑफलाइन किये जाने पर परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। साथ ही उक्त प्रवेश परीक्षा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में **परीक्षा केन्द्र** बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु अधिकृत किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में बनाये गये परीक्षा केन्द्र निम्नवत् हैं –

1. जी०आर०डी०–आई०एम०टी०, देहरादून।
2. बी०टी०के०आई०टी०, द्वाराहाट।
3. आम्रपाली इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी।
4. जी०जी०आई०सी०, श्रीनगर गढ़वाल।
5. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की।
6. एस०आई०टी०, पिथौरागढ़।
7. टी०एच०डी०सी०–आई०एच०ई०टी, टिहरी।
8. प्रौद्योगिकी संस्थान, गोपेश्वर।

एजेण्डा बिन्दु –18(12)

बी०फार्मेसी / एम०फार्मेसी पाठ्यक्रमों के 2017–18 बैच से लागू नये पाठ्यक्रम के पी०सी०आई० मानकानुसार की **विषम सेमेस्टर** की बैक पेपर परीक्षाएं मई–जून 2019 की **सम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ** आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –18(13)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः– पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी सभी प्रकरणों का परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद विषयवार Central Greviance समिति बनाकर एक साथ निस्तारण किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –18(14)

यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः– यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद एक कमेटी बनाकर निस्तारण किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –18(15)

विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकतालिकाओं में बैक पेपर के प्राप्तांक अपडेट कराने हेतु छात्रों को नयी अंकतालिकाएं निर्गत की जाती हैं। अपडेट कराने हेतु आने वाली अंकतालिकाएं अधिक संख्या में होती हैं जिसका कोई शुल्क नहीं लिया जाता। अतः अपडेट कराने हेतु आने वाले छात्रों से अंकतालिकाओं को अपडेट कराने के लिए शुल्क लिए जाने के सम्बन्ध में परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं यह निर्णय लिया गया कि छात्र / छात्राओं से बैक पेपर का शुल्क लिया जाता है अतः अंकतालिकाओं को अपडेट कराने के लिए शुल्क नहीं लिया जायेगा।

दिनांक 16 अप्रैल 2019 को मा० कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आहूत बैठक में विचार विमर्श में संज्ञान में आये बिन्दुओं पर चर्चा :–

एजेण्डा बिन्दु –18(16)

संस्थान के निदेशकों द्वारा आग्रह किया गया कि विश्वविद्यालय से पास आउट होने वाले छात्र / छात्राओं के लिए सम एवं विषम दोनों सेमेस्टरों के अनुत्तीर्ण विषयों के लिए स्पेशल बैक पेपर, सम–सेमेस्टर परीक्षाओं के पश्चात् आयोजित करवाये जायं। इस सम्बन्ध में परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं सम सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त होने के पश्चात् कराये जाने के लिए परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –18(17)

विश्वविद्यालय के सम्बद्ध संस्थान जी०आई०एच०एम० अल्मोड़ा को लोक सभ निर्वाचन 2019 की मतगणना हेतु अधिग्रहित किया गया है जिस कारण छात्र/छात्राओं के पठन–पाठन एवं प्रयोगात्मक कार्यों में व्यवधान हुआ है। अतः उक्त संस्थान के छात्र/छात्राओं की सम सेमेस्टर मई 2019 की परीक्षाएं माह जून 2019 में विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान ए०पी०जे०ए०के०आई०टी०, टनकपुर के साथ ही आयोजित करने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं जी०आई०एच०एम० अल्मोड़ा की परीक्षाएं माह जून 2019 में विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान ए०पी०जे०ए०के०आई०टी०, टनकपुर के साथ ही आयोजित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –18(18)

विश्वविद्यालय के समस्त संघटक एवं सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के बैक पेपर की स्थिति ज्ञात किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं परीक्षा नियंत्रक को इस सम्बन्ध में समस्त संघटक एवं सम्बद्ध संस्थानों को एक पत्र जारी करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया ताकि बैक पेपर से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सके।

एजेण्डा बिन्दु –18(19)

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने सम्बन्धी साफ्टवेयर को इस प्रकार विकसित किया जाये कि जिन छात्र/छात्राओं के **04 विषयों से अधिक में बैक हैं** उनके परीक्षा फार्म जमा न हों। साथ ही यह चर्चा की जानी है कि अधिकतम 04 विषयों से अधिक में बैक वाले छात्र **ईयर बैक** के अन्तर्गत आयेंगे अथवा उनको अगले वर्ष में प्रोन्नत के लिए अनुमति प्रदान की जायेगी।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं निर्णय लिया गया कि वर्ष 2018–19 से 04 से अधिक विषयों में बैक वाले छात्र ईयर बैक के अन्तर्गत आयेंगे। साथ ही तृतीय वर्ष में प्रोन्नत होने के लिए प्रथम वर्ष में पूर्ण रूप से पास होना आवश्यक होगा तथा अन्तिम वर्ष में प्रोन्नत होने के लिए द्वितीय वर्ष में पूर्ण रूप से पास होना आवश्यक होगा। उक्त कार्य के क्रियान्वयन के लिए समिति द्वारा कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –18(20)

विश्वविद्यालय स्तर पर लम्बित परीक्षा व्ययों से सम्बन्धित बिलों (पेपर सेटिंग, मूल्यांकन एवं परीक्षा केन्द्रों पर हुए व्यय से सम्बन्धित) के भुगतान की कार्यवाही यथाशीघ्र किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं इस हेतु एक कमेटी गठित किये जाने के लिए कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। इस हेतु तत्काल एक 04 सदस्यीय कमेटी गठित की गयी जिसके सदस्य निम्नवत् हैं –

1. डॉ० एम०पी०एस० चौहान, जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी, – अध्यक्ष।
2. डॉ० जी०एस० तोमर, टी०एच०डी०सी०–आई०एच०ई०टी, टिहरी – सदस्य।
3. डॉ० अनीता चौहान, राजकीय महाविद्यालय, रायपुर, देहरादून – सदस्य।
4. डॉ० यशपाल नेगी, एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी – सदस्य।

अन्य बिन्दु–

**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

1. समिति के सदस्यों द्वारा सभी संस्थानों से मूल्यांकन हेतु समय–समय पर आवश्यकतानुसार अनुभवरी, योग्यता प्राप्त विषय–विशेषज्ञ भेजे जाने की बात कही गयी ताकि मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण हो सके और परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जा सके। साथ ही मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रतिदिन अधिकतम 60 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित करने पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।
2. सम–सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु बनवाये गये प्रश्नपत्रों के समाधान भी बनवाये जाने की बात समिति के सदस्यों द्वारा कही गयी तथा इस कार्य हेतु उनको अलग से मानदेय दिये जाने पर कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

| | |
|---|---|
| (मा० कुलपति) 02/05/2019 | (परीक्षा नियंत्रक) 2/5/19 |
| अध्यक्ष | सदस्य – सचिव |